1

मैं आज़ादी का दीवाना

... करना चाहता है ?

3. सही उत्तर पर ✓ लगाओ—

क. बालक किसकी जय-जयकार करना चाहता है ?

i. माँ की ☐ ii. नेता की ☐ iii. भारतमाता की ☑

ख. बालक हमेशा हाथ में क्या लिए रहना चाहता है ?

i. पुस्तक ☐ ii. तिरंगा ☑ iii. गदा ☐

ग. अमन की बात चलने पर बालक क्या बन जाएगा ?

i. शांतिदूत ☑ ii. क्रांतिदूत ☐ iii. राजदूत ☐

4. नीचे दिए भाव कविता की जिन पंक्तियों से प्रकट होते हैं, लिखो—

क. मुझे किसी से डर नहीं लगता। मैं भारतमाता की जय-जयकार करता हूँ।

भारतमाता की जय बोलूँ, नहीं किसी से डरता हूँ।

ख. यदि कोई मेरी शरण में रक्षा हेतु आएगा तो मैं दयालु बनकर उसकी रक्षा करूँगा।

अगर शरण में कोई आया, मैं कृपालु बन जाऊँगा।

5. भाव स्पष्ट करो—

हाथ में जब तक रहे तिरंगा,
जब तक साँस में साँस रहे।
भारत का गुणगान करूँगा,
जब तक जान में जान रहे।

इन पर विचार करो

1. तुम देश के लिए क्या करना चाहते हो और क्यों ? बताओ।
2. इस कविता से क्या प्रेरणा मिलती है ? इस विषय पर एक-दूसरे के विचार जानो।

प्रशंसा-योग्य

—चक्रवर्ती राजगोपाला

1. बालक राष्ट्र की मुसकराहट हैं।
2. वीरता आयु की मोहताज नहीं होती।

जानी-अनजानी बातें

- हर वर्ष 'गणतंत्र दिवस' के अवसर पर भारत सरकार देश के वीर बच्चों को 'राष्ट्रीय बाल वी पुरस्कार प्रदान करती है जो अपनी उम्र की परवाह किए बिना अपने अदम्य साहस और बुलंद हौ के बल पर जीवन की चुनौतियों एवं समस्याओं का डटकर सामना करते हैं।

भाषा से

श्रुतलेख

आज़ादी, साँस, रण, इनकलाब, शरण, कृपालु, शांतिदूत, रक्षा

1. नीचे दिए शब्दों के विलोम लिखो—

आगे × पीछे	जय × पराजय	शत्रु × मित्र
प्रेम × घृणा	शांति × अशांति	गुण × अवगुण

2. उपर्युक्त विलोम शब्दों से वाक्य बनाओ—

सब बच्चे आगे चले जा रहे थे। कोई भी बच्चा पीछे नहीं रहना चाहता था।

- हमें सभी से प्रेम करना चाहिए किसी से भी घृणा नहीं करनी चाहिए
- शंख नाद जय का प्रतीक है जबकि झुका हुआ शीश पराजय का
- शांति रखिए यहाँ अशांति मत फैलाइए।
- राम मेरा प्रिय मित्र है जबकि मोहन मेरा शत्रु है।
- गुण और अवगुण से मनुष्य के चरित्र का पता चलता है।

3. कविता में आए अनुनासिक (ँ) वाले चार शब्द लिखो—

बोलूँ   जाऊँगा   पहुँचूँ   करूँगा   डटूँगा

4. दो-दो पर्यायवाची शब्द चुनकर लिखो—

रण — लड़ाई .... युद्ध

माता — जननी .... माँ

प्रेम — स्नेह .... लगाव

सागर — समुद्र .... सिंधु

प्यार	माँ	समुद्र
युद्ध	जननी	स्नेह
जलधि	लड़ाई	

प्रस्तावित गतिविधियाँ

1. अपने देश की विशेषताओं के बारे में कक्षा में बातचीत करो।
2. पता लगाओ और लिखो—

भारत का राष्ट्रीय पक्षी — मोर

भारत का राष्ट्रीय पशु — बाघ

भारत का राष्ट्रीय खेल — हॉकी

भारत का राष्ट्रीय फूल — कमल

3. स्क्रैप बुक में तिरंगे का चित्र बनाओ। हम अपने राष्ट्रीय ध्वज को 'तिरंगा' क्यों कहते हैं? हमें इसका सम्मान क्यों करना चाहिए? विचार कर चित्र के नीचे लिखो। ✓ H.W
4. फ़िल्म 'सन ऑफ़ इंडिया' का गीत 'नन्हा-मुन्ना राही हूँ......' सुनकर याद करो और सहपाठियों के साथ मिलकर सस्वर गान करो।
5. कवि मैथिलीशरण गुप्त की 'माँ कह एक कहानी' कविता दिए गए लिंक से पढ़ो और कक्षा में सस्वर सुनाओ।

(weblink— kavitakosh.org/kk/मैथिलीशरण_गुप्त)

हमने क्या सीखा

1. लक्ष्य को प्राप्त करने से पहले रुकना नहीं चाहिए। ✓
2. हमारे मन में देश की रक्षा तथा सम्मान का भाव होना चाहिए। ✓
3. आपसी प्रेम, दया और शांति को बढ़ावा देना चाहिए। ✓